Ajit 10-7-25



ਹਰਿਆਣਾ ਦੇ ਸਮਾਜਿਕ ਨਿਆਂ ਰਾਜ ਮੰਤਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਕੁਮਾਰ ਬੇਦੀ ਐਸ.ਡੀ.ਕਾਲਜ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੀ ਡਾ. ਪ੍ਰਿਆ ਚੱਢਾ ਨੂੰ ਪੱਤਰਕਾਰੀ ਸਿੱਖਿਆ ਦੇ ਵਿਚਾਰਾਂ ਕਾਰਨ ਸਨਮਾਨਿਤ ਕਰਦੇ ਹੋਏ। ਅਜੀਤ ਤਸਵੀਰ

# ਸਮਾਜਿਕ ਨਿਆਂ ਰਾਜ ਮੰਤਰੀ ਨੇ ਡਾ. ਪ੍ਰਿਆ ਚੱਢਾ ਨੂੰ ਕੀਤਾ ਸਨਮਾਨਿਤ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 9 ਜੁਲਾਈ (ਮਾਰਕੰਡਾ)- ਗੋਸਵਾਮੀ ਗਣੇਸ਼ ਦੱਤਾ ਸਨਾਤਨ ਧਰਮ ਕਾਲਜ ਸੈਕਟਰ 32-ਸੀ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੇ ਡਾ. ਪ੍ਰਿਆ ਚੱਢਾ ਮੁਖੀ ਪੱਤਰਕਾਰੀ ਸਿੱਖਿਆ ਅਤੇ ਜਨ ਸੰਚਾਰ ਵਿਭਾਗ ਨੂੰ ਹਰਿਆਣਾ ਦੇ ਸਮਾਜਿਕ ਨਿਆਂ ਅਤੇ ਸਸ਼ਕਤੀਕਰਨ ਰਾਜ ਮੰਤਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਕੁਮਾਰ ਬੇਦੀ ਨੇ ਟਰਾਈਸਿਟੀ 'ਚੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਪੱਤਰਕਾਰੀ ਸਿੱਖਿਆ ਦੇ ਵਿਚਾਰਾਂ ਕਾਰਨ ਸਨਮਾਨਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਡਾ. ਪ੍ਰਿਆ ਚੱਢਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚਾਰ ਭਾਰਤ ਵਿਚ ਪੱਤਰਕਾਰੀ ਦੇ ਭਵਿੱਖ ਅਤੇ ਉਦਯੋਗ ਨੂੰ ਆਕਾਰ ਦੇਣ ਵਿਚ ਨਵੀਂ ਸਿੱਖਿਆ ਨੀਤੀ ਦੀ ਭੂਮਿਕਾ ਬਾਰੇ ਕੁੱਝ ਸੁਝਾਅ ਦਿੱਤੇ ਸਨ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਾਨਤਾ ਦਿੱਤੀ ਗਈ। ਕਾਲਜ ਦੇ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਡਾ. ਅਜੇ ਸ਼ਰਮਾ ਨੇ ਡਾ. ਚੱਢਾ ਦੇ ਦ੍ਰਿਸ਼ਟੀਕੋਣ ਦੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕੀਤੀ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਪ੍ਰਾਪਤੀ ਲਈ ਨਿੱਘੀ ਵਧਾਈ ਦਿੱਤੀ।

Aaj Samaaj 13-7-25

# प्रशासक ने डॉ. अजय शर्मा को एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य किया मनोनीत



चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया की ओर से शिक्षा से संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.अजय शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा को कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कमेटी में डॉ. अजय शर्मा के अलावा 5 अन्य सदस्यों की नियुक्ति की गई है जिनमें पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. रेणु विज, शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला, चंडीगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष सौरभ दुग्गल, चंडीगढ़ शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष चरणजीत सिंह विली और लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अवी भसीन को सदस्य बनाया गया है। वहीं चंडीगढ़ हायर एजुकेशन के डायरेक्टर को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी में डॉ.शर्मा को सदस्य मनोनीत करना जीजीडीएसडी कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. शर्मा के समर्पण और निरंतर योगदान का प्रतिबिंब है। इस उपलब्धि पर कॉलेज के स्टाफ ने डॉ. शर्मा को बधाई दी है। गौरतलब है कि डॉ.शर्मा को छह महीने पहले प्रशासक की एडवाइजरी काउंसिल का सदस्य मनोनीत किया गया था और अब प्रशासक की एडवाइजरी काउंसिल की स्टैंडिंग कमेटियों का गठन किया गया है जिसमें एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी में डॉ. शर्मा को जगह दी गई है।

Amar Ujala 12-7-25

गठन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जेपी मल्होत्रा, संजय टंडन, सत्यपाल जैन, सुभाष चावला बने कमेटी के चेयरमैन, सतनाम संधू-ज्ञानचंद गुप्ता और अनूप गुप्ता भी कमेटी के चेयरमैन

# एडवाइजरी काउंसिल की 10 स्टैंडिंग कमेटियां घोषित, सात के चेयरमैन भाजपा से

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। शुक्रवार को एडवाइजरी काउंसिल की 10 स्टैंडिंग कमेटियों का गठन हो गया है, जिनमें से सात कमेटियों की कमान भाजपा से जुड़े नेताओं को सौंपी गई है। इसके जारी आदेश में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जेपी मल्होत्रा, वरिष्ठ नेता संजय टंडन, सत्यपाल जैन, सतनाम संधू, ज्ञानचंद गुप्ता, मेयर अनूप गुप्ता और सुभाष चावला को कमेटियों का चेयरमैन बनाया गया है। कांग्रेस के मनीष तिवारी और आप के विजयपाल को भी कमेटी प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद को इस बार जगह नहीं मिली है।

वहीं यूटी प्रशासन के गृह विभाग की ओर से कमेटियों को लेकर आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। अलग-अलग विषयों को लेकर गठित इन स्टैंडिंग कमेटियों के लिए अध्यक्ष, सदस्य और सदस्य सचिव नियुक्त किए गए हैं। शिक्षा से संबंधित स्टैंडिंग कमेटी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा को अध्यक्ष नियुक्त किया है। पीयू की वीसी रेनू विग, मेयर हरप्रीत कौर बबला, चंडीगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष सौरभ दुग्गल, चंडीगढ़ शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष चरणजीत सिंह, एसडी-32 के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा और लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अवि भसीन को सदस्य बनाया गया है।

पर्यावरण से संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को अध्यक्ष बनाया है। इसमें चंडीगढ़ लायन क्लब के अध्यक्ष जगदीश वालिया, रमानी ग्रुप ऑफ कंपनी के एमडी हरी ओम वर्मा, रोटरी क्लब अध्यक्ष जतिंदर कपूर, डॉ रविंदर नाथ, आर्किटेक्ट मनमोहन खन्ना और रिटायर्ड आईएएस उर्वशी गुलाटी को सदस्य बनाया गया है। ये कमेटियां अपनी अलग-अलग बैठकें करेंगी और प्रशासक गुलाबचंद कटारिया की अध्यक्षता में होने वाली बैठक से पहले विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगी।

## स्वास्थ्य कमेटी के चेयरमैन बने डॉ. राज बहादुर

स्वास्थ्य से संबंतिध कमेटी में मोहाली स्पाइनल इंजरी सेंटर के डायरेक्टर डॉ. राज बहादुर को चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

- पूर्व सांसद किरण खेर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, डॉ. आशिमा गोयल, पीजीआई डायरेक्टर डॉ. विवेक लाल, डॉ. संजय कौशिक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चेयरमैन संजीव भाटिया को सदस्य बनाया गया है।
- आर्ट-कल्चर और टूरिज्म की कमेटी में सांसद मनीष तिवारी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की, भारती सूद, सुखमिंदर कौर बराड़, पूर्व मेयर देवेश मोदगिल और एनजेडसीसी पटियाला डायरेक्टर मोहम्मद फरकान खान को सदस्य बनाया गया है।

## सतनाम संधू बने कानून-व्यवस्था कमेटी के चेयरमैन

कानून-व्यवस्था की कमेटी में राज्यसभा सांसद सतनाम संधू को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इसमें 4 सदस्य नियुक्त किए गए हैं। पूर्व मेयर कुलदीप कुमार, कमलजीत सिंह पंछी, सुभाष अग्रवाल, चंडीगढ़ होटल-रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन चेयरमैन मनमोहन सिंह और युद्धवीर सिंह कौरा को सदस्य बनाया गया है।

- खेल कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ नेता एवं यूटीसीए अध्यक्ष संजय टंडन होंगे। इसमें तीन सदस्य होंगे। रिटायर्ड आईएएस टीवीएसएन प्रसाद, नेशनल बैडमिंटन कोच सुरिंदर कुमार, पूर्व हेड कोच शिव सिंह को सदस्य बनाया गया है।
- परिवहन कमेटी में प्रदेश आम आदमी पार्टी अध्यक्ष विजय पाल सिंह को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- सीनियर एडवोकेट चेतल मित्तल, राकेश भल्ला, राकेश रतन अग्रवाल, चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जसबीर सिंह गिल और चंडीगढ़ फिक्की अध्यक्ष को सदस्य बनाया गया है।

## समाज कल्याण कमेटी के चेयरमैन बने सत्यपाल जैन

समाज कल्याण की कमेटी में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया सत्यपाल जैन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कमेटी में संगीता जैन और शिप्रा बंसल को सदस्य बनाया गया है। पेराफेरी एरिया डेवलपमेंट की कमेटी में पूर्व मेयर सुभाष चावला को अध्यक्ष बनाया गया है। इसमें एडवोकेट अजय जग्गा, बलजिंदर सिंह और तरनजीत सिंह बामरा को सदस्य बनाया गया है।

- अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्लानिंग संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में पूर्व मेयर अनूप गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। कमेटी में नगर निगम में विपक्ष की नेता जसविंदर कौर, क्राफेड चेयरमैन हितेश कुमार, हरियाणा के पूर्व चीफ आर्किटेक्ट एके सबरवाल, चंडीगढ़ व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव चड्ढा और कपिल सेतिया को सदस्य बनाया गया है।

Arth Parkash 12.7.25



चंडीगढ़ में स्टैंडिंग कमेटियों का गठन, कई प्रमुख हस्तियों को मिली ज़िम्मेदारी

# टंडन को खेल कमेटी, मल्होत्रा को शिक्षा और गुप्ता को बनाया गया पर्यावरण कमेटी का अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने चंडीगढ़ एडवाइजरी कार्उंसिल की 10 स्टैंडिंग कमेटियों की घोषणा की है। गृह विभाग की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार इन कमेटियों में शहर की कई जानी-मानी हस्तियों को शामिल किया गया है। हर कमेटी के लिए अध्यक्ष, सदस्य और एक सदस्य सचिव की नियुक्ति की गई है। कमेटियाँ विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कानून व्यवस्था, खेल, संस्कृति आदि से संबंधित कार्यों पर फोकस करेंगी। इस नई संरचना के जरिए चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर के विकास, प्रशासनिक मजबूती और जनहित से जुड़े विषयों पर गहन विचार और काम करने के लिए विशेषज्ञों और समाज के प्रभावशाली लोगों को एक मंच दिया है। ये स्टैंडिंग कमेटियाँ शहर की नीतियों और योजनाओं को और अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

**शिक्षा कमेटी :** अध्यक्ष: जतिंदर पाल मल्होत्रा (बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष), सदस्य: रेणु विग (वाइस चांसलर, पंजाब यूनिवर्सिटी), मेयर हरप्रीत कौर बबला, सौरभ दुग्गल (प्रेस क्लब अध्यक्ष), चरणजीत सिंह विली (शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष), डॉ. अजय शर्मा (जीजीडीएसडी-32 प्रिंसिपल), अवी भसीन (लघु उद्योग भारती अध्यक्ष), सदस्य सचिव: निदेशक, उच्च शिक्षा

**पर्यावरण कमेटी:** अध्यक्ष: ज्ञानचंद गुप्ता (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, हरियाणा), सदस्य: जगदीश वालिया, हरी ओम वर्मा, जतिंदर कपूर, डॉ. रविंदर नाथ, मनमोहन खन्ना, उर्वशी गुलाटी (रिटायर्ड आईएएस), सदस्य सचिव: निदेशक, पर्यावरण विभाग

**स्वास्थ्य कमेटी:** अध्यक्ष: डॉ. राज बहादुर (डायरेक्टर, मोहाली स्पाइनल इंजरी सेंटर), सदस्य: किरण खेर (पूर्व सांसद), डॉ. पवन कुमार (आईएमए अध्यक्ष), डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. विवेक लाल (पीजीआई डायरेक्टर), डॉ. संजय कौशिक, डॉ. संजीव भाटिया, सदस्य सचिव: निदेशक, हेल्थ सर्विसेज

**कला, संस्कृति और पर्यटन कमेटी:** अध्यक्ष: मनीष तिवारी (सांसद), सदस्य: हरमोहिंदर सिंह लकी (कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष), भारती सूद, सुखमिंदर कौर बराड़, देवेश मोदगिल (पूर्व मेयर), मोहम्मद फरकान खान (एनजेसीसी पटियाला डायरेक्टर), सदस्य सचिव: निदेशक, कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग

**कानून एवं व्यवस्था कमेटी:** अध्यक्ष: सतनाम संधू (राज्यसभा सांसद), सदस्य: कुलदीप कुमार (पूर्व मेयर), कमलजीत सिंह पंछी, सुभाष अग्रवाल, मनमोहन सिंह (होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष), युद्धवीर सिंह कौरा, सदस्य सचिव: एसएसपी चंडीगढ़

**खेल कमेटी:** अध्यक्ष: संजय टंडन (चंडीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष), सदस्य: टीवीएसएन प्रसाद (रिटायर्ड आईएएस), सुरिंदर कुमार (नेशनल बैडमिंटन कोच), शिव सिंह (पूर्व हेड कोच), सदस्य सचिव: निदेशक, खेल विभाग

**परिवहन कमेटी:** अध्यक्ष: विजय पाल सिंह (आप अध्यक्ष, चंडीगढ़), सदस्य: चेतल मित्तल (सीनियर एडवोकेट), राकेश भल्ला, राकेश रतन अग्रवाल, जसबीर सिंह गिल (ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष), एफआईसीसीआई अध्यक्ष, सदस्य सचिव: निदेशक, ट्रांसपोर्ट विभाग

**शहरी ढांचा एवं योजना कमेटी:** अध्यक्ष: अनूप गुप्ता (पूर्व मेयर), सदस्य: जसविंदर कौर (नगर निगम में विपक्ष की नेता), हितेश कुमार (आरएडब्ल्यू अध्यक्ष), ए.के. सबरवाल (पूर्व चीफ आर्किटेक्ट, हरियाणा), संजीव चड्ढा (व्यापार मंडल अध्यक्ष), कपिल सेटिया, सदस्य सचिव: चीफ आर्किटेक्ट, चंडीगढ़

**सामाजिक कल्याण कमेटी:** अध्यक्ष: सतपाल जैन (एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया), सदस्य: संगीता जैन, शिप्रा बंसल, सदस्य सचिव: निदेशक, सामाजिक कल्याण विभाग

**परिधीय क्षेत्र विकास कमेटी:** अध्यक्ष: सुभाष चावला (पूर्व मेयर) सदस्य: एडवोकेट अजय जग्गा, बल्जिंदर सिंह, तरनजीत सिंह बामरा सदस्य सचिव: नगर निगम सचिव बनाये गये हैं।

Chandigarh Bhaskar 12.7.25



# ये हैं 10 स्टैंडिंग कमेटियों के चेयरमैन और मेंबर

**1 एजुकेशनः** चंडीगढ़ भाजपा प्रेसिडेंट जतिंदर पाल मल्होत्रा, चेयरमैन। पीयू वीसी रेनू विग, मेयर हरप्रीत कौर बबला, प्रेसिडेंट प्रेस क्लब सौरभ दुग्गल, शिअद चंडीगढ़ प्रेसिडेंट चरणजीत सिंह, एसडी कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, लघु उद्योग भारती प्रेसिडेंट अवी भसीन मेंबर हैं। मेंबर सेक्रेटरी डायरेक्टर हायर एजुकेशन को बनाया गया है।

**2 एन्वायर्नमेंटः** भाजपा नेता व हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, चेयरमैन। लायन क्लब प्रेसिडेंट जगदीश वालिया, हरीओम वर्मा, रोटरी क्लब प्रेसिडेंट जतिंदर कपूर, डॉ. रविंदर नाथ, पूर्व चीफ सेक्रेटरी हरियाणा उर्वशी गुलाटी कमेटी के मेंबर हैं। डायरेक्टर एन्वायर्नमेंट इसके मेंबर सेक्रेटरी होंगे।

**3** चेयरमैन डॉ. राज बहादुर। मेंबर्स में पूर्व एमपी किरण खेर, आईएमए प्रेसिडेंट डॉ. पवन कुमार कांसल, पीजीआई डायरेक्टर डॉ. विवेक लाल, पीजीआई पूर्व प्रोफेसर डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. सजंय कौशिक और डॉ. संजीव भाटिया। डायरेक्टर हेल्थ सर्विसेज इस कमेटी की मेंबर सेक्रेटरी।

**4 आर्ट, कल्चर, टूरिज्म व हेरिटेज प्रिजर्वेशनः** चेयरमैन मौजूदा सांसद मनीष तीवारी। मेंबर्स में अध्यक्ष चंडीगढ़ कांग्रेस एचएस लक्की, पीएचडी चैंबर से भारती सूद, सुखमिंदर कौर बराड़, देवेश मोदगिल, एनजेडसीसी पटियाला डायरेक्टर मोहम्मद फुरकान खान, चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर पूर्व प्रिंसिपल एसएस भारती।

**5 लॉ एंड ऑर्डरः** राज्यसभा से भाजपा सांसद सतनाम सिंह संधू चेयरमैन। मेंबर्स में पूर्व मेयर कुलदीप कुमार, कमलजीत सिंह पंछी, सुभाष अग्रवाल, मनमोहन सिंह, युद्धवीर सिंह कौरा। एसएसपी कमेटी की मेंबर सेक्रेटरी।

**6 स्पोर्ट्सः** चेयरमैन संजय टंडन (भाजपा)। मेंबर्स में पूर्व चीफ सेक्रेटरी हरियाणा टीवीएसएन प्रसाद, नेशनल बैडमिंटन कोच सुरिंदर कुमार, पूर्व हेड कोच शिव सिंह। डायरेक्टर स्पोर्ट्स इसके मेंबर सेक्रेटरी।

**7 ट्रांसपोर्टेशनः** आम आदमी पार्टी के प्रेसिडेंट विजय पाल सिंह चेयरमैन। मेंबर्स में सीनियर एडवोकेट चेतन मित्तल, राकेश भल्ला, राकेश रत्न अग्रवाल, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन प्रेसिडेंट जसबीर सिंह गिल और प्रेसिडेंट एफआईसीसीआई। डायरेक्टर ट्रांसपोर्ट कमेटी के मेंबर सेक्रेटरी।

**8 अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्लानिंग फॉर सिटीः** पूर्व मेयर अनूप गुप्ता चेयरमैन (भाजपा)। मेंबर्स में जसविंदर कौर, हितेश कुमार पुरी, एके सभ्रवाल, संजीव चड्ढा, पूर्व आर्किटेक्ट चंडीगढ़ कपिल सेतिया। चीफ सेक्रेटरी चंडीगढ़ मेंबर सेक्रेटरी।

**9 सोशल वेलफेयरः** एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया सत्यपाल जैन कमेटी के चेयरमैन। मेंबर्स में संगीता जैन, शिप्रा बंसल, शिविंदर मंधोतरा और लखवीर सिंह। डायरेक्टर सोशल वेलफेयर कमेटी के मेंबर सेक्रेटरी।

**10 पेरीफेरी एरिया डेवलपमेंटः** भाजपा नेता सुभाष चावला कमेटी के चेयरमैन। मेंबर्स में अजय जग्गा, बलजिंद्र सिंह और तरनजीत सिंह भामरा। सेक्रेटरी एमसी इस कमेटी के मेंबर सेक्रेटरी।

Dainik Savera Times 14-7-25

# प्रशासक ने डॉ. अजय शर्मा को एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य किया मनोनीत

**सवेरा न्यूज/ नीना**



डा. अजय शर्मा।

चंडीगढ़, 13 जुलाई : पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने शिक्षा से सबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.अजय शर्मा को सदस्य मनोनीत किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा को कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कमेटी में डॉ. अजय शर्मा के अलावा 5 अन्य सदस्यों की नियुक्ति की गई है जिनमें पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. रेणु विज, शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला, चंडीगढ़ प्रैस क्लब के अध्यक्ष सौरभ दुग्गल, चंडीगढ़ शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष चरणजीत सिंह विली और लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अवि भसीन को सदस्य बनाया गया है। वहीं चंडीगढ़ हायर एजुकेशन के डायरैक्टर को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी में डॉ.शर्मा को सदस्य मनोनीत करना जीजीडीएसडी कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. शर्मा के समर्पण और निरंतर योगदान का प्रतिबिंब है।

Dainik Savera Times 12-7-25

# चंडीगढ़ एडवाइजरी काउंसिल की 10 स्टैंडिंग कमेटियों की घोषणा

**● कमेटियों में शहर की कई जानी-मानी हस्तियों को किया शामिल**

**सवेरा न्यूज/ राकेश शर्मा**

चंडीगढ़,11 जुलाई: चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने चंडीगढ़ एडवाइजरी कार्उसिल की 10 स्टैंडिंग कमेटियों की घोषणा की है। गृह विभाग की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार इन कमेटियों में शहर की कई जानी-मानी हस्तियों को शामिल किया गया है। हर कमेटी के लिए अध्यक्ष, सदस्य और एक सदस्य सचिव की नियुक्ति की गई है। कमेटियाँ विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कानून व्यवस्था, खेल, संस्कृति आदि से संबंधित कार्यों पर फोकस करेंगी। इस नई संरचना के जरिए चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर के विकास, प्रशासनिक मजबूती और जनहित से जुड़े विषयों पर गहन विचार और काम करने के लिए विशेषज्ञों और समाज के प्रभावशाली लोगों को एक मंच दिया है। ये स्टैंडिंग कमेटियाँ शहर की नीतियों और योजनाओं को और अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

शिक्षा कमेटी: का चेयरमैन भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र पाल मल्होत्रा को बनाया गया है और इसके सदस्य पीयू की वीसी प्रो. रेणु विग, मेयर हरप्रीत कौर बबला, सौरभ दुग्गल, प्रेस क्लब प्रधान, चरणजीत सिंह विली, अध्यक्ष शिअद चंडीगढ़, डा. अजय शर्मा, प्राचार्य जीजीडीएसडी 32 व अवि भसीन, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती को को बनाया गया है, जबकि निदेशक हायर एजूकेशन चंडीगढ़ को सदस्य सचिव बनाया गया है।

पर्यावरण कमेटी: का चेयरमैन हरियाणा विस के पूर्व स्पीकर व पंचकूला विधायक ज्ञानचंद गुप्ता को बनाया गया है। इस कमेटी में निदेशक पर्यारण को सदस्य सचिव, सदस्यों में जगदीश वालिया, अध्यक्ष लायन क्लब चंडीगढ़, हरिओम वर्मा,एमडी रुमानी ग्रुप आफ कंपनी, जतिंद्र कपूर, अध्यक्ष, रोटरी क्लब, डा. रविंद्र नाथ, मनमोहन खन्ना, डा. उर्विशी गुलाटी, पूर्व हरियाणा मुख्य सचिव को बनाया गया है।

**स्वास्थ्य कमेटी:अध्यक्ष डॉ. राज बहादुर (डायरेक्टर, मोहाली स्पाइनल इंजरी सेंटर)**

सदस्य- किरण खेर (पूर्व सांसद), डॉ. पवन कुमार (आईएमए, अध्यक्ष), डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. विवेक लाल, पीजीआई डायरेक्टर, डॉ. संजय कौशिक, डॉ. संजीव भाटिया, सदस्य सचिव- निदेशक, हेल्थ सर्विसेज।

कला, संस्कृति और पर्यटन कमेटी: अध्यक्ष- मनीष तिवारी (सांसद)

सदस्य- हरमोहिंदर सिंह लकी (कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष), भारती सूद, सुखमिंदर कौर बराड़, देवेश मोदगिल (पूर्व मेयर), मोहम्मद फरकान खान (एनजेडसीसी पटियाला डायरेक्टर), सदस्य सचिव-निदेशक, कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग।

**कानून एवं व्यवस्था कमेटी: अध्यक्ष- सतनाम संधू (राज्यसभा सांसद)**

सदस्य- कुलदीप कुमार (पूर्व मेयर), कमलजीत सिंह पंछी, सुभाष अग्रवाल, मनमोहन सिंह (होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष), युद्धवीर सिंह कौरा

सदस्य सचिव- एसएसपी चंडीगढ़।

खेल कमेटी: अध्यक्ष- संजय टंडन (चंडीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष)

सदस्य- टीवीएसएन प्रसाद (रिटायर्ड आईएएस), सुरिंदर कुमार (नेशनल बैडमिंटन कोच), शिव सिंह (पूर्व हेड कोच), सदस्य सचिव- निदेशक, खेल विभाग।

**परिवहन कमेटी: अध्यक्ष- विजय पाल सिंह (आप अध्यक्ष, चंडीगढ़)**

सदस्य चेतल मित्तल (सीनियर एडवोकेट), राकेश भल्ला, राकेश रतन अग्रवाल, जसबीर सिंह गिल (ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष), फिक्की अध्यक्ष

**सदस्य सचिव- निदेशक, ट्रांसपोर्ट विभाग।**

शहरी ढांचा एवं योजना कमेटी: अध्यक्ष- अनूप गुप्ता (पूर्व मेयर)

सदस्य- जसविंदर कौर (नगर निगम में विपक्ष की नेता), हितेश कुमार (आरएडब्ल्यू अध्यक्ष), ए.के. सबरवाल (पूर्व चीफ आर्किटेक्ट, हरियाणा), संजीव चड्ढा (व्यापार मंडल अध्यक्ष), कपिल सेटिया, सदस्य सचिव- चीफ आर्किटेक्ट, चंडीगढ़।

सामाजिक कल्याण कमेटी: अध्यक्ष- सतपाल जैन (एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया), सदस्य- संगीता जैन, शिप्रा बंसल, सदस्य सचिव- निदेशक, सामाजिक कल्याण विभाग।

परिधीय क्षेत्र विकास कमेटी: अध्यक्ष- सुभाष चावला (पूर्व मेयर)

सदस्य- एडवोकेट अजय जग्गा, बल्जिंदर सिंह, तरनजीत सिंह बामरा

सदस्य सचिव नगर निगम सचिव।

C M Y K

Dainik Tribune 12-7-25



# एडवाइजरी काउंसिल की स्टैंडिंग कमेटियों का गठन

## पर्यावरण कमेटी में हरियाणा के पूर्व विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, शिक्षा में भाजपा अध्यक्ष जतिंदर मल्होत्रा बने अध्यक्ष

**आर्ट-कल्चर और टूरिज्म में सांसद मनीष तिवारी को मिली जिम्मेदारी**

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 11 जुलाई (हप्र)



ज्ञान चंद गुप्ता — जतिंद्र पाल मल्होत्रा — मनीष तिवारी — सत्यपाल जैन — सतनाम संधू

पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने एडवाइजरी काउंसिल की स्टैंडिंग कमेटियों का गठन कर दिया है। प्रशासन के गृह विभाग ने कमेटियों को लेकर आधिकारिक आदेश जारी किया है। अलग-अलग विषयों को लेकर गठित इन स्टैंडिंग कमेटियों में शहर की कई प्रमुख हस्तियों को जगह दी गई है। स्टैंडिंग कमेटियों के लिए अध्यक्ष, सदस्य और सदस्य सचिव नियुक्त किए गए हैं। चंडीगढ़ की सबसे बड़ी एडवाइजरी काउंसिल का गठन हुए छह महीने बीत गए थे, लेकिन प्रशासन ने पहली बार सब कमेटियां बनाने में इतना लंबा समय लगा दिया। 31 दिसंबर 2024 को यूटी प्रशासक की मंजूरी के बाद प्रशासन ने यूटी एडवाइजरी काउंसिल के 54 सदस्यों के नाम की नोटिफिकेशन जारी की थी। हमेशा एडवाइजरी काउंसिल का हिस्सा रहे चंडीगढ़ के कई बड़े नेताओं को सलाहकार परिषद से बाहर कर दिया गया था। 11 जून को ही भाजपा से जुड़े नेताओं को फिर से काउंसिल में शामिल कर लिया था। इनमें मुख्य तौर पर एडिशिनल सालिसिटर जनरल आफ इंडिया और पूर्व सांसद सत्यपाल जैन, यूटीसीए प्रेसिडेंट और भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष संजय टंडन, पूर्व मेयर देवेश मौदगिल और अनूप गुप्ता, हरियाणा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता और सेक्टर-38 निवासी डा. रविंद्र नाथ के नाम शामिल थे।

प्रशासक ने शिक्षा से संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा को अध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि कमेटी में 6 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. रेणु विज, शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला, चंडीगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष सौरभ दुग्गल, चंडीगढ़ शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष चरणजीत सिंह विली, जीजीडीएसडी-32 के प्रिंसिपल अजय शर्मा और लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अवी भसीन को सदस्य बनाया गया है। वहीं चंडीगढ़ हायर एजुकेशन के डायरेक्टर को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। इसी तरह पर्यावरण से संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। गुप्ता की अध्यक्षता वाली इस कमेटी में 6 सदस्य नियुक्त किए गए हैं। चंडीगढ़ लॉयंस क्लब के अध्यक्ष जगदीश वालिया, रमानी ग्रुप ऑफ कंपनीज के एमडी हरीओम वर्मा, रोटरी क्लब अध्यक्ष जतिंदर कपूर, डॉ. रविंदर नाथ, मनमोहन खन्ना और रिटायर्ड आईएएस उर्वशी गुलाटी को सदस्य बनाया गया है। वहीं चंडीगढ़ पर्यावरण विभाग के डायरेक्टर को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

आर्ट कल्चर और टूरिज़्म से संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में सांसद मनीष तिवारी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं तिवारी की अध्यक्षता में 5 सदस्य बनाए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की, भारती सूद, सुखमिंदर कौर बराड़, पूर्व मेयर देवेश मोदगिल और एनज़ेडसीसी पटियाला डायरेक्टर मोहम्मद फ़रकान खान को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा चंडीगढ़ आर्ट कल्चर और टूरिज़्म विभाग के डायरेक्टर को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

लॉ एंड ऑर्डर संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में राज्यसभा सांसद सतनाम संधू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि इस कमेटी में 4 सदस्य नियुक्त किए गए हैं। पूर्व मेयर कुलदीप कुमार, कमलजीत सिंह पंछी, सुभाष अग्रवाल, चंडीगढ़ होटल-रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन चेयरमैन मनमोहन सिंह और युद्धवीर सिंह को सदस्य बनाया गया है। जबकि लॉ एंड ऑर्डर चंडीगढ़ एसएसपी को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। हेल्थ से संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में मोहाली स्पाइनल इंजरी सेंटर के डायरेक्टर डॉ. राज बहादुर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं पूर्व सांसद किरण खेर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, डॉ. आशिमा गोयल, पीजीआई डायरेक्टर डॉ. विवेक लाल, डॉ. संजय कौशिक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चेयरमैन संजीव भाटिया को सदस्य बनाया गया है। जबकि इस कमेटी में चंडीगढ़ हेल्थ सर्विस के डायरेक्टर को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। सोशल वेलफेयर संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में सतपाल जैन (एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही इस कमेटी में 2 सदस्य होंगे। संगीता जैन और शिप्रा बंसल को सदस्य बनाया गया है। खेल संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में चंडीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय टंडन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस कमेटी में 3 सदस्य होंगे। रिटायर्ड आईएएस टीवीएसएन प्रसाद, नेशनल बैडमिंटन कोच सुरिंदर कुमार, पूर्व हेड कोच शिव सिंह को सदस्य बनाया गया है।

# प्रशासक ने डॉ. अजय शर्मा को एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य किया मनोनीत



**चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)।** पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया की ओर से शिक्षा से संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.अजय शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा को कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कमेटी में डॉ. अजय शर्मा के अलावा 5 अन्य सदस्यों की नियुक्ति की गई है जिनमें पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. रेणु विज, शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला, चंडीगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष सौरभ दुग्गल, चंडीगढ़ शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष चरणजीत सिंह विली और लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अवी भसीन को सदस्य बनाया गया है। वहीं चंडीगढ़ हायर एजुकेशन के डायरेक्टर को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी में डॉ.शर्मा को सदस्य मनोनीत करना जीजीडीएसडी कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. शर्मा के समर्पण और निरंतर योगदान का प्रतिबिंब है। इस उपलब्धि पर कॉलेज के स्टाफ ने डॉ. शर्मा को बधाई दी है। गौरतलब है कि डॉ.शर्मा को छह महीने पहले प्रशासक की एडवाइजरी काउंसिल का सदस्य मनोनीत किया गया था और अब प्रशासक की एडवाइजरी काउंसिल की स्टैंडिंग कमेटियों का गठन किया गया है जिसमें एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी में डॉ. शर्मा को जगह दी गई है।

# प्रशासक ने डॉ. अजय शर्मा को एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य किया मनोनीत

चंडीगढ़, 12 जुलाई (विशेष संवाददाता): पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया की ओर से शिक्षा से संबंधित गठित स्टैंडिंग कमेटी में सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा को कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कमेटी में डॉ. अजय शर्मा के अलावा 5 अन्य सदस्यों की नियुक्ति की गई है जिनमें पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. रेणु विज, शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला, चंडीगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष सौरभ दुग्गल, चंडीगढ़ शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष चरणजीत सिंह विली और लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अवी भसीन को सदस्य बनाया गया है। वहीं चंडीगढ़ हायर एजुकेशन के डायरैक्टर को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।



डॉ. अजय शर्मा

एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी में डॉ. शर्मा को सदस्य मनोनीत करना जीजीडीएसडी कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. शर्मा के समर्पण और निरंतर योगदान का प्रतिबिंब है। इस उपलब्धि पर कॉलेज के स्टाफ ने डॉ. शर्मा को बधाई दी है। गौरतलब है कि डॉ. शर्मा को छह महीने पहले प्रशासक की एडवाइजरी काउंसिल का सदस्य मनोनीत किया गया था और अब प्रशासक की एडवाइजरी कार्उंसिल की स्टैंडिंग कमेटियों का गठन किया गया है जिसमें एजुकेशन स्टैंडिंग कमेटी में डॉ. शर्मा को जगह दी गई है।